प्रशान्त वर्मा
निदेशक(वाणिज्य)

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड
14-अशोक मार्ग, शक्ति भवन,
लखनऊ।
Email: directorcomm@uppcl.org
Ph. No.: 0522-2287806(O)
CIN: U32201UP1999SGC024928

संख्याः 251 /इ0ए0सी0/पाकालि — दिनांकः 26.12.2025

निदेशक (वाणिज्य),
पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि०,
मेरठ।

विषय: फीडर/बे-वाइज पोर्टल पर उपलब्ध समस्त फीडर का AMISP Dashboard पर उपलब्ध फीडर डाटा से मिलान किए जाने के संबंध में।

महोदय,

कृपया अवगत है कि अधिशासी अभियन्ता (परीक्षण) द्वारा फीडर वे-वाइज पोर्टल पर भरी गयी फीडरवार ऊर्जा के आधार पर फीडरवार Distribution Loss एवं AT&C Loss की गणना की जाती है एवं AMISP डैशबोर्ड पर भी फीडरवार ऊर्जा प्रत्येक माह की उपलब्ध होती है। इस सम्बन्ध में AMISP डैशबोर्ड के अनुसार फीडर ऊर्जा एवं फीडर वे-वाइज पोर्टल पर भरी गयी फीडरवार ऊर्जा का मिलान किया जाना है।

इस संबंध में फीडर वे-वाइज पोर्टल पर उपलब्ध फीडर का AMISP डैशबोर्ड पर उपलब्ध फीडर से मिलान कराकर AMISP डैशबोर्ड के अनुसार फीडर का विवरण (Division, Sub-Station, Feeder एवं Feeder Code इत्यादि) एवं फीडर पर स्थापित मीटर का विवरण प्रेषित करने हेतु पूर्व मे पत्रांक- 242/इ0ए0सी0/पाकालि दिनांक:16.12.2025, जो समस्त मुख्य अभियंता (वितरण) को संबोधित एवं आपको पृष्ठांकित है, प्रेषित किया गया था। अग्रेतर दिनांक 18.12.25 को अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में समस्त मुख्य अभियन्ता (वितरण) एवं अधिशासी अभियन्ता (परीक्षण) के साथ वीसी के माध्यम से बैठक की गई जिसमे उक्त विवरण अतिशीघ्र प्रेषित करने हेतु निर्देश दिए गए थे। परंतु कुछ फील्ड अधिकारियों द्वारा प्रारूप मे सही डाटा (AMISP डैशबोर्ड के अनुसार Division, Sub-Station, Feeder एवं Feeder Code इत्यादि) नहीं प्रेषित किया जा रहा है।

अग्रेतर फीडर वे-वाइज पोर्टल पर उपलब्ध कुल 7910 फीडरों का AMISP डैशबोर्ड पर उपलब्ध फीडर डाटा से मिलान किया गया है, जिनका विवरण जोनवार विवरण निम्नवत् हैः-

| Zone | Total Feeders as per Feeder/Bay Portal as on 15.12.25 | Mapping with AMISP Dashboard Feeder data | |
|---|---|---|---|
| | | Division, Substation & Feeder Matched | Not Matched |
| BULANDSHAHAR | 962 | 633 | 329 |
| GAJRAULA | 894 | 467 | 427 |
| GHAZIABAD I | 253 | 231 | 22 |
| GHAZIABAD II | 325 | 244 | 81 |
| GHAZIABAD III | 397 | 331 | 66 |
| MEERUT I | 281 | 224 | 57 |
| MEERUT II | 999 | 726 | 273 |
| MORADABAD | 1052 | 797 | 255 |

| Zone | Total Feeders as per Feeder/Bay Portal as on 15.12.25 | Mapping with AMISP Dashboard Feeder data | |
|---|---|---|---|
| | | Division, Substation & Feeder Matched | Not Matched |
| MUZAFFARNAGAR | 1153 | 939 | 214 |
| NOIDA | 886 | 713 | 173 |
| SAHARANPUR | 708 | 511 | 197 |
| **PVVNLTotal** | **7910** | **5816** | **2094** |

(फीडरवार सूची सलंग्न)

उक्त तालिका के अनुसार कुल 7910 फीडर में से 5816 फीडर की Matching हो पायी है, शेष फीडर की मैचिग नहीं हो पायी है जिसके मुख्य कारण निम्नवत है:-

1. फीडर वे-वाइज पोर्टल एवं AMISP डैशबोर्ड पर सबस्टेशन एवं फीडर का नाम/कोड अलग-अलग होना।
2. AMISP डैशबोर्ड के डाटा में कुछ फीडर अलग सबस्टेशन/डिवीजन में उपलब्ध होना।

फीडर/बे-वाइज इनर्जी पोर्टल पर उपलब्ध समस्त फीडर (Matched/Unmatched Both) का डाटा excel sheet में संलग्न है,जिसका sample निम्नवत है-

| Division | Data as per Feeder/Bay Portal as on 15.12.2025 | | Is Smart Meter Installed ? (Yes/No) | Is Feeder Available on AMISP Data ? (Yes/No) | If Feeder Available on AMISP Dashboard then Data as per AMISP MDM | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Substation | Feeder | | | AMISP DIV NAME | S/S Name | Feeder Name | Feeder code (AMISP) |
| EDD I HAPUR | S/S KAILLY_167341 | AGRO INDIA PRODUCT_ 16734121489AIP | | | EDD HAPUR (EDD I HAPUR) | S/S KAILLY_167341 | AGRO INDIA PRODUCT_ 16734121489AGR | 16734121489AGR |
| EDD MODINAGAR | GOVIND PURI_10241 | DOUBLE STORY_ 15093220241DOS | | | EDD MODINAGAR | 33/11 KV GOVINDPURI | DOUBLE STORY_15093220241DOS | 15093220241DOS |
| EDD I MEERUT | SAINI_110714 | ULAKPUR_ 11071491355ULA | | | | | | |

समस्त अधिशासी अभियन्ता (परीक्षण) द्वारा निम्न प्रक्रिया के अनुसार फीडर वे-वाइज पोर्टल पर उपलब्ध समस्त फीडर का AMISP Dashboard पर उपलब्ध फीडर से मिलान कर उक्त प्रारूप में विवरण भर कर प्रेषित किया जाना है –

1. फीडर पर स्मार्ट मीटर स्थापित है अथवा नहीं ? – Yes /No
2. यदि स्मार्ट मीटर स्थापित है तो फीडर AMISP Dashboard पर उपलब्धता – Yes /No
3. यदि फीडर AMISP Dashboard पर उपलब्ध नहीं है अथवा गलत Substation/Division मे mapped है तो AMISP से समन्वय स्थापित कर AMISP Dashboard पर update कराना है ।
4. यदि फीडर AMISP Dashboard पर उपलब्ध है तो :
    a. प्रेषित सूची में AMISP Dashboard पर उपलब्ध डाटा के अनुसार भरा गया विवरण सही है अथवा नहीं, चेक करना है।
    b. प्रेषित सूची में यदि AMISP Data के अनुसार विवरण नहीं भरा है तो AMISP Dashboard पर उपलब्ध डाटा के अनुसार फीडर का विवरण (Division, Sub-Station, Feeder एवं Feeder Code) भरना है।

अतः अनुरोध है कि संलग्न प्रारूप (excel sheet) मे समस्त फीडर का AMISP डाटा के अनुसार (Division, Sub-Station, Feeder & Feeder Code) का विवरण भर कर दिनांक 29.12.25 तक प्रेषित करने तथा यदि फीडर/बे-वाइज पोर्टल या AMISP Dashboard पर फीडर का Meter No. अथवा MF गलत है तो AMISP से समन्वय स्थापित कर डाटा दोनों डैशबोर्ड पर अतिशीघ्र ठीक कराने हेतु समस्त अधिशासी अभियन्ता (परीक्षण) को निर्देशित करने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोपरि।

(प्रशान्त वर्मा)
निदेशक (वाणिज्य)

प्रति:-

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0 प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
2. प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि०,मेरठ ।
3. समस्त मुख्य अभियंता (वितरण), अंतर्गत पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि०।
4. समस्त अधिशासी अभियंता (परीक्षण), पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि० को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्तानुसार कार्यवाही करते हुए संलग्न प्रारूप में डाटा पूर्ण रूप से भरकर ई-मेल (energyauditcell@uppcl.org) पर दिनांक 29-12-2025 तक प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

**उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0**
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
CIN NO: U32201UP1999SGC024928

**ऊर्जा ऑडिट एवं लेखा निदेशालय**
**पंचम तल, शक्ति भवन**
**लखनऊ-226001**
**E-mail:**energyauditcell@uppcl.org

संख्या: 242 /इ0ए0सी0/पाकालि

दिनांक: 16/12/2025

समस्त मुख्य अभियंता (वितरण)
पश्चिमांचल/दक्षिणांचल/मध्यान्चल/पूर्वांचल,
विद्युत वितरण निगम लि०,
मेरठ/आगरा/लखनऊ/वाराणसी एवं केस्को-कानपुर।

विषय: फीडर/बे-वाइज पोर्टल पर Meter Serial No. एवं MF अद्यतन करने तथा AMISP डेटा से मिलान किए जाने के संबंध में ।

महोदय,

कृपया उक्त के संबंध में पूर्व में प्रेषित पत्र संख्या 235/इ0ए0सी0/पाकालि दिनांक 29.11.2025 एवं 221/इ0ए0सी0/पाकालि दिनांक 15.11.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा फीडर/बे-वाइज पोर्टल पर समस्त फीडर का Meter Serial No. एवं MF अपडेट कराने तथा AMISP डेटा में सही MF अपडेट कराने हेतु निर्देशित किया गया था। इस संबंध में दिनांक 27.11.2025 को शक्ति भवन मुख्यालय पर अधिशासी अभियंता (परीक्षण) की आयोजित बैठक में भी निर्देश दिए गए थे। परंतु अभी तक फीडर/बे-वाइज पोर्टल पर समस्त फीडर पर स्थापित Meter Serial No. अपडेट नहीं किया गया है।

इस हेतु अधिशासी अभियंता (परीक्षण) को निम्न कार्यवाही करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें -

1. वर्तमान मे प्रत्येक फीडर पर स्थापित मीटर का विवरण एवं AMISP डेटा दिनांक 18-12-2025 तक संलग्न प्रारूप में ई-मेल के माध्यम से प्रेषित करना।
2. फीडर/बे-वाइज पोर्टल पर सभी फीडरों की मीटर संख्या एवं MF का अद्यतन किया जाना।
3. फीडर/बे-वाइज पोर्टल एवं AMISP डेटा का पूर्ण मिलान कर AMISP डेटा में सही Meter Serial No. एवं MF अपडेट कराना।

संलग्नक: यथोपरि।

(अशोक कुमार)
मुख्य अभियंता(ऊ०ऑ० एवं ले०नि०)

प्रति:-

1. निदेशक (वाणिज्य), उ०प्र०पा०का०लि०, लखनऊ।
2. निदेशक (वाणिज्य), पश्चिमांचल/दक्षिणांचल/मध्यान्चल/पूर्वांचल, विद्युत वितरण निगम लि०, मेरठ/आगरा/ लखनऊ/वाराणसी एवं केस्को-कानपुर।
3. समस्त अधिशासी अभियंता (परीक्षण) को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्तानुसार कार्यवाही करते हुए संलग्न प्रारूप में डाटा पूर्ण रूप से भरकर ई-मेल (energyauditcell@uppcl.org) पर दिनांक 18-12-2025 तक प्रेषित करना सुनिश्चित करें।